पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने श्री राजीव कुमार को रेरा अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण करायी
तीन अन्य सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण की

लखनऊः 9 अगस्त, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में आयोजित सादे समारोह में श्री राजीव कुमार पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण करायी। रेरा का अध्यक्ष पद मुख्य सचिव पद के समकक्ष है।

राज्यपाल ने श्री बलविन्दर कुमार अवकाश प्राप्त प्रशासनिक अधिकारी, श्रीमती कल्पना मिश्रा सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी, श्री भानु प्रताप सिंह अवकाश प्राप्त आई0पी0एस0 अधिकारी को भी रेरा के सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करायी।

श्री राजीव कुमार उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव के पद से 30 जून 2018 को सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हें राज्य सरकार सहित भारत सरकार के विभिन्न विभागों में कार्य करने का लम्बा प्रशासनिक अनुभव रहा है। श्री बलविन्दर कुमार उत्तर प्रदेश संवर्ग के प्रशासनिक अधिकारी रहे हैं जो 28 फरवरी 2017 को सेवानिवृत्त हुए हैं। श्री बलविन्दर कुमार को राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कार्य करने का अनुभव है तथा भारत सरकार में सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। श्री भानु प्रताप सिंह भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे हैं जो 30 जून 2017 को डायरेक्टर विजिलेंस उत्तर प्रदेश के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। श्रीमती कल्पना मिश्रा न्यायिक सेवा की अधिकारी रही हैं तथा जिला जज पद से 31 जनवरी 2018 को सेवानिवृत्त हुई हैं।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा, राज्यमंत्री आवास एवं शहरी नियोजन श्री सुरेश पासी, मुख्य सचिव डॉ0 अनूप चन्द्र पाण्डेय, पुलिस महानिदेशक श्री ओ0पी0 सिंह, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री हेमन्त राव, प्रमुख सचिव गृह श्री अरविन्द्र कुमार, प्रमुख सचिव आवास श्री नितिन रमेश गोकर्ण, रेरा के सचिव श्री अबरार अहमद, राज्यपाल के विशेष सचिव डॉ0 अशोक चन्द्र, विशेष सचिव आवास श्री राजेश पाण्डेय सहित अन्य विशिष्टजन भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन प्रमुख सचिव आवास श्री नितिन रमेश गोकर्ण ने किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (302/9)